तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

12 एक साल से बकाया मजदूरी का भगतान बीस दिनों ...


12 सपनों को साकार करने का मूल मंत्र है अनुशासन ...




## खबर संक्षेप

### वाहन रोककर चालक से मारपीट, जांच शुरू



**कांकेर।** बड़ेतापाल निवासी 26 वर्षीय संदीप दर्रो पिता फूलसिंग दर्रो ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं। 31 दिसंबर की रात लगभग साढ़े 11 रावघाट माईंस से कच्चा लोहा भरकर कुहचे रेलवे स्टेशन में खाली करके वापिस अंतागढ की तरफ आ रहा था, तभी टीव्हीएस शोरूम के पास आरोपी दीपेन्द्र नेताम उर्फ बिट्टू, राहुल यादव, खोगेश मण्डावी एवं अन्य लोगो के द्वारा मेरा वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 0664 को रोककर गाली गलौज करने लगे। उसके बाद मुझे गाड़ी से उतारकर हाथ व लाठी डंडे से मारपीट किया। मारपीट करने वाले बहुत ज्यादा नशे की हालत में थे। मेरे द्वारा कई बार हाथ पैर जोड़ने पर भी उनके द्वारा मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब परोसा, बुजुर्ग कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आमापारा कुरालठेमली निवासी 60 वर्षीय बिरझु राम यादव पिता पुरन यादव के कब्जे से पुलिस ने 2 जनवरी को पुलिस ने महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अवैध रूप से लोगो को महुआ शराब पिलाते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 5 लीटर वाली जरकीन में भरा हुआ आधा लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवकों ने की मारपीट विवेचना शुरू

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत स्कूलपारा बदरंगी निवासी 29 वर्षीय जनक लाल उसेंडी पिता सियाराम ने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी को सुबह लगभग 11 बजें मेरे घर के सामने आरोपी बदरंगी निवासी संभूराम दुग्गा और सोहन दुग्गा आया और दोनो ने मिलकर मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट किया है, जिससे मुझे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी झूले युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत आवासपारा पखांजुर निवासी 23 वर्षीय कमलेश उसेंडी पिता बुधराम की 2 जनवरी को शाम पौने 7 बजें ईलाज के दौरान सीएचसी शेष पेज 10 पर

# एनसीआईबी का अधिकारी बनकर उगाही में शामिल कांकेर के दो युवा भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

एनसीआईबी का अधिकारी बताकर उगाही करने वाले चार युवाओं और उनको संरक्षण देने वाले एक युवा को कुरूद पुलिस ने दबोचा। पाँचो युवाओं को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, इन पाँच युवाओं में दो युवा सागर देवनाथ और कैलाश साहू कांकेर के निवासी है। जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर 2023 की रात में कुरूद थानांतर्गत नारी में स्थित किरण रेस्टॉरेंट ढाबा में एक सफेद रंग की ब्रेजा कार कमांक सीजी 27 एम 8403 में 04 व्यक्ति सवार होकर प्रार्थी के दुकान के पास आकर, आईडी कार्ड दिखाकर, अपने आपको राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो यानी एनसीआईबी का अधिकारी बताकर दुकान की तलाशी करने लगे, दुकान के कांउटर में काम करने वाले कर्मचारियों के पीने के लिए रखे 04 पौवा देशी शराब रखा था, जिसे देखकर शराब बेचते हो कहकर धमकी दिए शेष पेज 10 पर

## ढाबा में शराब पकड़ने मारा छापा, 80 हजार की थी मांग

### चारों युवाओं को बस स्टैंड से दबोचा

अपराध विवेचना के दौरान बताए गए स्थान बस स्टैंड धमतरी में घेराबंदी कर आरोपी सागर देवनाथ पिता परिमल देवनाथ उम्र 33 साल निवासी कृषि विज्ञान केन्द्र के पास कांकेर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे प्लाट पारा फरसगांव जिला कोण्डागांव के निवासी 21 वर्षीय वेदांश चौहान पिता सुरेश चौहान, 22 वर्षीय सुधांशु पाण्डेय पिता प्रेमलाल लाल पाण्डेय और 19 वर्षीय पंकज यादव पिता चंदर लाल यादव को दबोचा गया।





### प्रशिक्षण देने वाला भी गया जेल

चारों आरेपियों ने पुलिस को बताया कि 5 माह पूर्व कांकेर निवासी कैलाश साहू ने हम लोगों को एनसीआईबी में काम करने के लिए प्रशिक्षण दिया और प्रशिक्षण के दौरान कैलाश साहू ने हम सभी को बताया कि एनसीआईबी एक रजिस्टर्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनजीओ है, जो छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी स्थान पर अवैध शराब पकड़कर कार्यवाही कर सकते है। कुरूद पुलिस ने कैलाश साहू को जेल भेज दिया, इसकी पत्नी कांकेर थाना में प्रधान आरक्षक के रूप में कार्यरत है।

## धान खरीदी : खरीदी केंद्रों में धान के बोरे जमीन पर, बारिश होने से होगा नुकसान

# धान उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों पर धान हुआ जाम, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- सूखत होने से धान के वजन में आ रही कमी, समिति को होगा सीधे नुकसान
- डीओ काटने का जो भी तरीका है, वो खरीदी केंद्र प्रभारी की समझ के बाहर

जिले के 149 धान खरीदी केंद्र में से कागजों में धान के उठाव का प्रतिशत 44 दिखाया जा रहा है, परंतु इसमें कई ऐसे केंद्र है जहाँ से एक दाना भी धान का उठाव नहीं हुआ है, वहीं कई ऐसे केंद्र है, जहाँ से धान का उठाव 80 प्रतिशत से ऊपर हो गया है। धान के उठाव में बरती जा रही अनियमितता के कारण खरीदी केंद्र व समिति के प्रभारी परेशान है, उसके साथ सबसे ज्यादा किसान परेशान है, जिनको इंतजार करना पड़ रहा है। जिले में 10 ऐसे धान खरीदी केंद्र है, जहाँ धान के उठाव का प्रतिशत शून्य है।

धान खरीदी के साथ साथ उठाव में नियमितता बनी रहने से धान खरीदी केंद्र में एकत्र होने वाले धान से खरीदी केंद्र प्रभारी को राहत मिल जाती है वहीं धान बेचने वाले किसानों को तौल करवाकर धान रखने में सहुलियत होती है वहीं धान के उठाव समय पर नहीं होने से सभी को परेशानी का सामना झेलना पड़ता है। डीओ काटने का जो भी तरीका है, वो खरीदी केंद्र प्रभारी की समझ के बाहर है, उनका कहना है कि अधिकारियों को कई बार फोन किए जाने के बाद भी उठाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखाते है। धान उठाव को लेकर जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ते रहते है वहीं मानीटरिंग अधिकारी भी मौन साधे हुए है। धान खरीदी केंद्र के प्रभारियों का कहना है कि अधिकारियों को कई बार जानकारी दिए जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है। आधा धान जमीन में छल्ली लगाकर रखा है और आधा धान चबूतरा में रखा है। खरीदी केंद्र में जितना धान रखा है, उसे ढकने के लिए उतने कैप भी नहीं है। हम लोग इस बात को लेकर परेशान है कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, पानी गिर गया तो पूरा धान जो जमीन में रखा है, उसकी गुणवत्ता पूरी तरह से खराब हो जाएगी। धान का उठाव नहीं होने से किसान धान बेचने आ रहे है, उसे रखने की जगह नहीं है। धान उठाव नहीं होने से कई केंद्रो पर धान की खरीदी की गति पर विराम सा लग गया है।



### 12 खरीदी केंद्रों का उठाव जीरो प्रतिशत

जिले के 12 खरीदी केंद्र उसेली, बंडापाल, मातला (ब), सिकसोड़, ईरपानार, कोरेनार, पीव्ही 105, चारगांव चांदीपुर, पीव्ही 78, पीव्ही 84, पीव्ही 89 में उठाव जीरों प्रतिशत है। इसी तरह से 1 से 10 प्रतिशत उठाव वाले धान खरीदी केंद्र 09, 10 से 20 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 12, 20 से 30 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 18, 30 से 40 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 18, 40 से 50 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 23, 50 से 60 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 21, 60 से 70 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 20, 70 से 80 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 12, 80 से 90 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में 04 और 90 से 100 प्रतिशत वाले धान खरीद केंद्र में शून्य खरीदी केंद्र है।

### सूखत होने से होगा घाटा

खरीदी प्रभारियों का कहना है कि धान जितने ज्यादा दिन खरीदी केंद्र में रहता है, उससे सूखत की भी समस्या आती है। इसके बाद शार्टेज दिखाया जाएगा, जिसका सीधा नुकसान समिति को उठाना पड़ेगा। समिति के प्रबंधकों का कहना है कि डीएमओ और खाद्य विभाग के अधिकारी उठाव को लेकर सही ढंग से कोई जवाब नहीं देते है।

## बाइक ने बाइक को ठोका, गेड़ेगांव निवासी बुजुर्ग की मौत, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम गेडगांव के पास 2 जनवरी को दोपहर ढाई बजें सड़क दुर्घटना में गेडगांव निवासी 50 वर्षीय राम प्रसाद नरेटी पिता फगनूराम नरेटी गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि घायल की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुँचे गेड़गाँव निवासी यादुराम नरेटी ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूँ और रामनरेटी मेरे बड़े पापा है और फरस राम नरेटी मेरे चाचा लगते है। मेरे बड़े पापा अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बीपी 9193 से 2 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे बड़े पापा अपने भाई फरसराम को पीछे बिठाकर घर से गाँव के दुर्गु राम कावड़े के किराना दुकान में समान लेने के लिए गए थे। करीबन दोपहर 3 बजकर 47 बजे मेरे दोस्त पुनुराम कड़ियाम ने मुझे फोन करके बताया कि आपके बड़े पिता और चाचा दोनो गांव के दुर्गुराम कावड़े के किराना दुकान के सामने मेनरोड से मोटर सायकल से जा रहे थे, तभी सामने की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एचएफ डिलक्स सीजी 27 एम-1178 के चालक दिनेश उयके के द्वारा मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक एवं उपेक्षा पूर्ण चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मैं घटनास्थल पर देखा कि मेरे बड़े पापा रामप्रसाद नरेटी के सिर ,दोनों पैर, दोनो हाथ, चेहरा, सीना में चोट लगा था एवं चाचा फरसराम को सिर, दोनो पैर, हाथ, बांए कंधे के पास चोट लगा था। दोनो घायल को प्रायवेट वाहन के मदद से ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ईलाज के दौरान बताया कि रामप्रसाद नुरेटी की मृत्यु हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया और आरोपी बाईक चालक फूफगाँव शेष पेज 10 पर

# न्यू ईयर पार्टी मनाने वाले युवक की राड से पिटाई, आरोपी पिता-पुत्र जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

साल के पहले दिन रात को लगभग 1 बजे के आसपास दोस्त के घर खाना खाकर वापिस अपने घर जा रहे सूर्यश नेताम को न्यू ईयर पार्टी मनाने वाले युवक ने रोका और उसके बाद उसके साथ मारपीट किया। मारपीट के शिकार हुए युवक ने अपने पिता को बुलाया, आरोपियों ने युवक के पिता पर भी हमला बोल दिया। अंतागढ़ पुलिस ने बाप व बेटे पर हमला बोलने वालों पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। अंतागढ़ पुलिस को प्रार्थी सुर्यश



नेताम ने बताया कि मैं 1 जनवरी को रात्रि लगभग 1 से डेढ़ बजे के मध्य अपने मित्र सोनू साव के घर से खाना खाकर वापिस अपने घर आ रहा था, तभी रामसेवक दुग्गा श्यामनगर अंतागढ के घर के पास कुछ लोग डीजे बजाकर नाच रहे थे, मैं वहां से गुजर रहा था तो मुझे चिल्लाकर रूकने बोले, मैं रूक गया उसके बाद राहुल यादव नाम के एक लडके ने मुझे पूछा कि तू कौन है और कहां का है कहकर मुझसे गाली गलौज करने लगा। वह नशे में चूर था उसके बाद वह मुझे गाली देते हुए मारपीट करने लगा कुछ देर बाद अपने पिता को फोन करके बुलाया। आरोपी राहुल का पिता धारदार हथियार लेकर आया और सीधे मेरे सिर में वार कर दिया, जिससे मेरे सिर से खून निकलने लगा और मैं जमीन पर गिर गया। पुलिस ने अपराध दर्ज किया और विवेचना में पाया गया कि राहुल यादव व टिकेश्वर यादव के द्वारा सुर्यश नेताम को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे का बंड़ा लहराकर लोहे के बंडा से सुर्यश नेताम के सिर पर वार किए, जिससे सुर्यश नेताम के सिर पर चोट लगा है। गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 3(2) (वी) (क) एससी/एसटी एक्ट, 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन, एएसपी खोमन सिन्हा एवं एसडीओपी अंतागढ़ अमर सिदार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों का पता तलाश किया गया। मुखबिर सूचना मिला कि आरोपीगण अपने सकुनत पर छिपे हुए है, शेष पेज 10 पर

# निर्माल्य विसर्जन रथ वार्डों में एकत्र करेगा बासी पूजा सामग्री

**चारामा।** जलेश्वर महादेव शिव शम्भू परिवार समूह की महिलाओं के पहल पर प्रत्येक माह के मंगलवार को नगर के वार्डो में स्थित मंदिरों में निर्माल्य विसर्जन रथ पहुंचेगा, जिसमें पूजा अर्चना वाली पूजन सामग्री, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती को एक पात्र में रखते हुए उसका खाद बनाने में उपयोग किया जाएगा। यह कार्य युवा शक्ति समाज सेवी संस्था की महिला समूह के साथ मिलकर कर रहे है। जलेश्वर महादेव शिव शम्भू परिवार समूह की महिलाओं का कहना है कि नदी व तालाब में इन सामग्रियों का डाला जाता है, जिससे नदी व तालाब प्रदूषित होते है। नदी व तालाब को प्रदूषित होने से बचाने को लेकर यह कदम उठाया गया है। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा देवी शर्मा, विकास दुबे की उपस्थिति में किया गया। नप अध्यक्ष द्वारा रिबन काट कर व पूजा अर्चना के साथ किया गया। युवा शक्ति समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष उत्तम साहू और बढ़ेंगे। इस कार्य में जलेश्वर महादेव शिव शम्भू परिवार समूह की महिलाएं पूर्णिमा छाटा, ज्योति सोनकर, नमिता महावीर, पुष्पा संरक्षक धर्मेंद्र साहू ने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि इससे नदी तालाब व डबरी स्वच्छ होगा और प्रदूषण मुक्त होगा। इस अभियान से जुड़ने के बाद कोई भी नदी तालाब में फूल व पूजा सामग्री को विसर्जित नही करेंगे। नदी तालाब स्वच्छ रहेंगे व पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के क्षेत्र में भी आगे देवांगन, निर्मला सिन्हा, दीपिका देवांगन, प्रीति सोनवानी, चंद्रकला छाटा, राजेंद्र छाटा, श्रवण शर्मा शामिल है।



### मेले में युवती से मारपीट, युवक पर मामला दर्ज



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पिपरौद में वार्षिक मेला के दिन गुपचुप ठेला के पास गुपचुप खा रही लड़की के साथ गांव के ही युवक ने मारपीट किया। घाटना की जानकारी लड़की ने अपने परिजन को दिया, जिसके बाद लड़की के पिता ने थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंची पिपरौद निवासी 40 वर्षीय नरेन्द्र कोर्राम पिता स्व. भागीरथी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि उसके तीन बच्चे दो बेटी और एक बेटा है। 2 जनवरी को गांव के मेला में दोनो बेटी घूमने गई थी। शाम करीबन 5 बजे दोनों बहने गुपचुप ठेला के पास खड़ी थी, उसी समय गांव का ही लड़का आरोपी पिपरौद निवासी सुनील मंडावी पिता आनंद मंडावी वहां आकर मेरी बड़ी लड़की महिमा के साथ गाली गौलज शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## दुर्घटना की समय पर जानकारी देना चालक की नैतिक ही नहीं कानूनी जिम्मेदारी

# हिट एंड रन की अफवाह पर एसपी ने बताया सच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- धारा 106 (2) में हिट एंड रन की दुर्घटनाओं को कवर करने और तुरंत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का प्रावधान

हिट एंड रन को लेकर भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 106 (2) को लेकर अचानक अफवाह फैला दी गई और ट्रक एवं बस के चालकों ने दो दिनों तक हड़ताल कर दिया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि अफवाह से बचें और नई धारा के बारे में जरूर जानें। कांकेर पुलिस ने एक पोस्टर भी जारी किया है, जिससे नई धारा को लेकर फैली अफवाह का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार देश में हिट एंड रन के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) के तहत एक नया प्रावधान किया गया है। वर्तमान में हिट एंड रन के मामले, जिसके परिणामस्वरूप लापरवाह और लापरवाह ड्राइविंग के कारण मृत्यु होती है, आईपीसी की धारा 304 (ए) के तहत मामले दर्ज किए जाते हैं, जिसमें अधिकतम 2 साल की कैद की सजा होती है। वर्ष 2021 की दिल्ली रोड क्रैश रिपोर्ट के अनुसार 555 मामले (कुल मामलों का 46.01 प्रतिशत) थे, जहां अपराध में शामिल वाहनों की पंजीकरण संख्या अज्ञात था, जो हिट और रन के मामले को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में बढ़ती वाहन दुर्घटना के मद्देनजर कानून की अपर्याप्तता पर टिप्पणी किया। इस मुद्दे के निराकरण को लेकर खंड 106(2) के तहत नया प्रावधान पेश किया गया है जो लंबे समय से लंबित था। धारा 106(2) को हिट एंड शेष पेज 10 पर





### इस धारा से किसे डरना चाहिए ?

किसी भी वाहन के ऐसे चालक जो एक्सीडेंट के बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को जानकारी दिए बगैर भाग खड़े होते हैं और घायल व्यक्ति का ''गोल्डन ऑवर'' चला जाता है, जिसके चलते उसकी मौत हो जाती है। ऐसे गैर जिम्मेदार वाहन चालकों पर ही यह कानून प्रभावशील होगा।

### पहले की तरह रहेगी कानूनी स्थिति

यदि कोई वाहन चालक एक्सीडेंट के बाद पुलिस अधिकारी अथवा मजिस्ट्रेट को जानकारी दे देता है, तो यह कानून ऐसे वाहन चालक पर लागू नहीं होगा और पहले की ही भांति कानूनी स्थिति रहेगी ।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क बी वन खसरा एवं जाति प्रमाण पत्र का वितरण

**कांकेर।** जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एलईडीयुक्त प्रचार वाहन के माध्यम से कई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने योजना से हुए लाभ के बारे में बताया। धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और उन्हें जैविक खाद का उपयोग कर प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी चारामा ब्लाक के ग्राम पंचायत हाराडुला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में निःशुल्क बी 1 खसरा, जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं भूमि संबंधित दस्तावेजों को 100 प्रतिशत करने के लिए संबंधित हल्का पटवारी को अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया गया। जिले के अंतागढ़ विकासखंड में ग्राम आमाबेड़ा एवं टिमनार, चारामा के तुएगहन और हाराडुला, दुर्गुकोंदल के लोहत्तर और जाड़ेकुर्से, कांकेर के पाण्डरवाही और नाथिया नवांगांव, कोयलीबेड़ा के पुरूषोत्तमनगर और इन्द्रप्रस्थ तथा नरहरपुर के मावलीपारा और मांडाभर्री में शिविर का आयोजन हुआ।

### अंतागढ़ में पेंशन समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**कांकेर।** जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उप कोषालय कार्यालय अंतागढ़ में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 01 पेंशन प्रकरण जिला कोषालय के ई बिल सेक्सन अंतर्गत भुगतान के लिए प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा 02 प्रकरणों में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग अंतागढ़ को प्रकरण तैयार कर संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए तथा 01 अन्य प्रकरण न्यायलयीन प्रकरण होने के कारण 90 प्रतिशत प्रत्याशित पेंशन यथावत रखने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी पेंशन संबंधी लिपिकों को आगामी 06 माह में सेवानिवृत्त होने वाले प्रकरणों को तत्काल संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर प्रेषित करने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम द्वारा दिए गए। इस अवसर पर उप कोषालय अधिकारी अंतागढ़ निधि शोरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोदापाखा केंद्र में धान जाम, खरीदी प्रभावित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कोदापाखा में धान से पूरी मंडी भरी पड़ी है। 25201.20 क्विंटल धान में से सिर्फ 5988 क्विंटल धान का उठाव हुआ है, बांकी 19213.20 क्विंटल धान मंडी में जाम हो गया है जिसका उठाव नहीं हो रहा है। जाम के कारण आगामी दिनों में खरीदी नहीं हो पाएगी, जब तक धान का उठाव नहीं हो जाता तब तक धान खरीदी बंद रहेगी। 72 घंटे में धान का उठाव होना है परंतु 60 दिन बीत जाने के बाद भी धान का उठाव नही हुआ है। खरीदी केंद्र में वर्तमान में 19213 क्विंटल धान जाम पड़ा है। खरीदी प्रभारी और लेंपस प्रबंधक राकेश्वरी पुजारी ने बताया है कि परिवहन नहीं होने से परेशान है, यदि दो दिवस के अंदर परिवहन नहीं हुआ तो खरीदी प्रभावित हो सकती है।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने आमाझोला शिविर में मंदिर प्रांगण चबूतरे की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



राष्ट्रीय सेवा योजना शाउमावि इच्छापुर का शिविर आमाझोला में जारी है। राष्ट्रीय सेवा योजना का शाउमावि इच्छापुर के स्वयं सेवको के द्वारा आमाझोला में मां शीतला माता मंदिर के प्रांगण में चबूतरा का निर्माण किया गया। मंदिर के रास्ते पर किसी प्रकार की घटना होने की संभावना अधिक बनती है उसको भी स्वयंसेवकों द्वारा ठीक किया गया।

बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों के मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अनुपम जोफर उन्हें बच्चों को अपने बीच पाकर बहुत ही प्रसन्न हुए। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति सचेत कर्तव्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करते हुए उनके साथ खेल खेलते हुए समझाने का प्रयास किया। जिला युवा अधिकारी अभिषेक आनंद ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि हम समय का सही सदुपयोग करें तो आपके इस शिविर में आने का उद्देश्य सफल हो पाएगा। हमेशा अच्छे नंबर पाने वाला आगे बढ़ता है, यह जरूरी नहीं है बल्कि सही ज्ञान रखने वाला ही आगे बढ़ पाता है जो कि आपको इस शिविर में समझाया जा रहा है। वाटर एड् से आए हुए अजहर के द्वारा भी बच्चों को मोटिवेट करते हुए उनके साथ कार्य किया गया और उस कार्य के माध्यम से समझाया गया कि लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखिए लक्ष्य से यदि हम भटके तो समझ जाइए कि हम नीचे गिरे। समस्त अतिथियों का कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र प्रसाद के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दहेज प्रथा, सामाजिक कुरीतियों, व्यसन के दुष्परिणाम एवं उससे होने वाले पारिवारिक एवं सामाजिक हानियो पर कुठाराघात करते हुए रोचक नाटक के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया गया, जिसे लोगों ने भरपूर पसंद किया खासकर महिलाओं ने बच्चों का उत्साह वर्धन भी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बेटी पढ़ेंगी तो समाज आगे बढ़ेगा का नारा भी लोगों के मन मस्तिष्क में समा गया। कार्यक्रम में ग्राम आमाझोला के ग्रामीणो का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। बौद्धिक सत्र में व्यवहार न्यायालय से व्यवहार न्यायाधीश शंकर कश्यप ने बताया की पढ़ाई जीवन में वह भी एक स्वयंसेवक थे। मैं इस शिविर में आकर अपने पढ़ाई जीवन काल में चला गया और अपने उदाहरण को देते हुए बच्चों को समझाया कि सभी में कुछ ना कुछ गुण अवश्य होता है। अपने गुणों को पहचानिए और उसे अपना लक्ष्य बनाकर उस हुनर में पारंगत होकर सफल नागरिक बनिए। राष्ट्र सेवा योजना में रहकर ही मैं बोलना सीखा, मंच पर आना सीखा और वहीं से मैं सिखा कि व्यक्तित्व का निर्माण कैसे किया जाता है। समय का पालन किस तरीके से किया जाता है इन तरीकों को सीख कर मैं आज न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठ पाया हूं। कार्यक्रम अधिकारी को धन्यवाद दिया कि ऐसे शिविर में आने का उनके माध्यम से मौका प्राप्त हुआ और बच्चों से रूबरू हो पाया। व्यवहार न्यायालय से वर्षा पोया एवं प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल का भी आगमन निरीक्षण के दौरान हुआ। निरीक्षण करते हुए बच्चों के द्वारा बनाए हुए रचनात्मक कार्य की उन्होंने बहुत ही प्रशंसा की साथ ही बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए यह बताया की हमें किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करनी है तो सर्वप्रथम उस कार्य की कार्य योजना अवश्य बनाने चाहिए। कार्य योजना बनाने की बारीकियां स्वयंसेवकों को समझाया गया। ग्राम संपर्क के दौरान कुछ अन्य बिंदु जुड़वाया गया और कहा कि इन बिंदुओं को भी अपने प्रश्नों में शामिल करें, लोगों से मिले और उनके बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा। जिला खेल अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी आबिद खान ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

## हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा शिविर में ग्रामीणों ने दिखाई रूचि



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जनता के साथ मेल मिलाप विकसित भारत का कारवाँ ग्राम पंचायत लोहत्तर और जाड़ेकुर्से में आयोजित हुआ।

- लोहत्तर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

जनपद पंचायत अध्यक्ष संतो दुग्गा के मुख्य अतिथि में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया, जिसमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जननी सुरक्षा योजना आवास योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या योजना, मातृ वंदन योजना एवं आयुष्मान भारत योजना जैसे अन्य योजनायें शामिल है। केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ लिए लाभार्थीयों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम सें सरकार की योजना का किस प्रकार लाभ प्राप्त किया उसको ग्रामीणों को अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। ग्राम पंचायत लोहत्तर में संकल्प भारत विकसित भारत शिविर में स्कूली बच्चों और महिला ग्राम संगठन के महिलाओं पीआरपी ममता ठाकुर को कॉपी पेन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, सांसद प्रतिनिधि विजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, विकास राजु नायक, राहुल राय प्रशि. प्र. भाजयुमो, ग्राम पंचायत बरहेली सरपंच बसंती भालेश्वर, राजकुमार उसेंडी, मंडल महामंत्री भाजपा आदिवासी मोर्चा तेजप्रताप आमले, सियाराम जैन, देवजी देहारी, इतवारू जैन, उदय जैन, शिवनाथ दीवान, संतु नरेटी, सरपंच ग्राम पंचायत जाड़ेकूर्से शांतिलाल जाड़े, ग्राम गायता पुरुषोत्तम देहारी, ग्राम पटेल मेहत्तर राम दीवान, कंवल दीवान, मोतीलाल भालेश्वर, जगमोहन केडाम, जगदीश देहारी, बाबूलाल नायक, रुखमनी चोरिया उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय संयुक्त रासेयो विशेष शिविर का कोदाभाट में हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



राष्ट्रीय सेवा योजना पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शाउमा विद्यालय एवं पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर का समापन ग्राम कोदाभाट में हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवकों के अंदर भाईचारा, समर्पण, त्याग, संवेदना, राष्ट्रभक्ति, सेवा-भाव, विश्व-बंधुत्व, अनुशासन एवं एकता आदि भाव का जन्म होता है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि हम एक दिन अपना घर नहीं छोड़ सकते परंतु यह स्वयंसेवक राष्ट्रहित, देशहित एवं समाज हित के लिए सात दिन अपना घर बार छोड़कर आए हैं, बहुत ही बड़ी बात है। इस तरह की बात को हम सबको भी सीखना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना नाम से ही सेवा की भावना से प्रेरित है, इन सात दिनों में इन्होंने जो सेवा भाव से कार्य किया वह सराहनीय है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल ने स्वयं सेवकों को अपने नए-नए आइडिया भारत सरकार के पोर्टल में डालें ताकि भारत सरकार आपकी आइडियास को लेकर कोई नवाचार कर सके। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण किया जाता है जो अपने शरीर, बल और हृदय में साहस लिए ग्राम जाकर सेवा भावना के माध्यम से यह संदेश पहुंचाते हैं कि किसी व्यक्ति या समाज का उत्थान किस प्रकार से किया जाए, वह अपने आप को स्थापित कर सके। विधायक द्वारा इनाम वितरण किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक श्यामलाल गावड़े, सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका तेजेश्वरी यादव, एकल नृत्य यामिनी नाग, सुरभि शोरी, सर्वश्रेष्ठ नाटक स्वच्छता एवं नशा मुक्ति, श्रेष्ठ दलनायक राहुल भेड़िया, श्रेष्ठ परियोजना कार्य स्वयंसेवक आनंदन समूह, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित स्वयंसेवक भुवनेश्वरी निषाद, श्रेष्ठ मेस प्रभारी विकास नेताम को मिला एवं सभी स्वयंसेवकों के लिए मेडल व प्राचार्य पैराडाइज स्कूल एवं प्राचार्य पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा विद्यालय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम कोदाभाट सरपंच ईश्वरीय नेताम, ग्राम पटेल प्राचार्य आईपीएस ठाकुर, प्राचार्य रश्मि रजक, हरि नंद गोलू गिरी, धीरज रजक, पवित्र बढ़ाई, सत्यनारायण दास, रामकिंकर, हरेंद्र पटेल, रविंद्र सेन, अवतार सिंह, रोहित नेताम, महादल नायक झम्मन साहू, महादल नायिका गरिमा जैन, मीडिया प्रभारी मनीष सिन्हा एवं कार्यक्रम का संचालन कुशलानंद गजबल्ला द्वारा किया गया।

## मावलीपारा की विशेष ग्रामसभा पीपल पेड़ के नीचे हुई और विधायक ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम पंचायत मावलीपारा में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन पीपल पेड़ के नीचे ज़मीन पर बैठकर ग्रामीणों की विभिन्न मांगें व समस्याएं विधायक आशाराम ने सुनीं।

- ग्रामीणों को अपनी आय दुगनी करने मेहनत के साथ-साथ शासन की योजनाओं की जानकारी होना भी बेहद जरूरी

विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार आमजनता को सभी शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तह विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया है, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाने की कवायद की जा रही है। योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए बनाई जाती हैं। ग्रामीणों को अपनी आय दुगनी करने मेहनत के साथ-साथ शासन की योजनाओं की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है।

आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने पेयजल उपलब्धता की समस्या, लो-वोल्टेज, स्कूल मरम्मत, आवास एवं आंगनबाड़ी की मांग सहित गांव की अन्य विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक ने कलेक्टर से कहा कि इन समस्याओं का तत्काल निराकरण होना चाहिए। विधायक ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सहायक उपकरण, राशन कार्ड, छड़ी एवं श्रवण यंत्र तथा आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया।

ग्रामसभा में कलेक्टर डॉं. प्रियंका शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार गांव की महिलाओं का कौशल उन्नयन करते हुए उन्हें स्वरोजगार और व्यवसाय से जोड़कर लखपति बनाया जाएगा, जिसके लिए लखपति दीदी योजना लाई जा रही है। इसके लिए सभी को जागरूक होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने केरल के महिला समूहों का उदाहरण देते हुए स्वसहायता समूह की सदस्यों को बाजार की मांग के अनुसार रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। आयोजित ग्राम सभा में जिलास्तर और विकासखंड स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

## रंगोली और चित्रकला में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय काकतीय महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य के मार्गदर्शन में विकसित वाइस ऑफ यूथ के अंतर्गत रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. बीपी साहू वनस्पति विज्ञान रहे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. अतुल त्रिवेदी ने बताया कि विकसित भारत में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक राष्ट्र को एक विकसित इकाई में बदलने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी दृष्टि का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें आर्थिक समृद्धि, सामाजिक उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता और प्रभावी शासन जैसे विकास के विविध पहलुओं को शामिल किया गया है। यह दृष्टिकोण उस महत्वपूर्ण मोड़ को रेखांकित करता है जिस पर भारत वर्तमान में खड़ा है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अटूट समर्पण, भारत की नियति में दृढ़ विश्वास और इसके लोगों, विशेषकर युवाओं की विशाल संभावित प्रतिभा और क्षमताओं की गहन पहचान की आवश्यकता है। सबसे बड़ी जनसांख्यिकीय हिस्सेदारी के साथ युवा 2047 तक भारत को प्रभावी भारत की ओर ले जाने में अग्रणी के रूप में तैनात हैं। युवाओं को एक युवा आंदोलन के माध्यम से परिवर्तनकारी एजेंडे में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शाउमावि मुरडोंगरी में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड एग्रीकल्चर में अध्यनरत कक्षा 9वी से 12वीं तक के 59 छात्रो को विद्यालय के प्राचार्य हरीश कुमार साहू के मार्गनिर्देशन कृषि प्रशिक्षक पूजा साहू के द्वारा कृषक फार्म हाउस पुसवाड़ा के 10 एकड़ के क्षेत्र में लगे नए-नए तकनीकी से कर रहे का औद्योगिक खेती का भ्रमण कराया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का उद्देश्य छात्र छात्राओं में नवीन तकनीकी का ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान में वृद्धि और अपने लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर बनाने में सक्षम होंगे। भ्रमण में ड्रिप सिंचाई पद्धति, टमाटर, बैंगन, मिर्च, लौकी, कद्दू व अन्य फसलों की खेती, फसल चक्र, ड्रिप सिंचाई के साथ फर्टिगेशन, रक्षक फसले, येलो चिपचिपा ट्रैप, पाली मल्चिंग, खरपतवार एवं कीट नियंत्रण के तरीके, प्रो ट्रे तकनीकीय से नर्सरी तैयार करने की विधि तथा बैगन के जड़ में टमाटर की खेती देखने को मिला।

**7 से हाता ग्राउंड में होगी बस्तर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट : जगदलपुर।** जिला प्रशासन बस्तर के मार्गदर्शन में बस्तर के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 7 जनवरी से हाता ग्राऊण्ड में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के मैच 15-15 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें 4 जनवरी तक 15 खिलाड़ियों की सूची मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड (प्रत्येक खिलाड़ी) सहित खेल विभाग इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम, मैनेजर स्टेडियम समिति सुनील पिल्ले, वेद प्रकाश सोनी, जोगेन्द्र ठाकुर के पास जमा कर अपनी टीम का पंजीयन करा सकते है। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश शुल्क एक हजार पांच सौ रुपए शब्दों में होगा। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 4 जनवरी होगी। टूर्नामेंट के विजेता को 41 हजार रुपए एवं उप विजेता को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द सिरिज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेट्रमेन, बेस्ट विकेटकिपर को पुरस्कृत किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष ...

### एनसीआईबी का अधिकारी ..

और कर्मचारी से मारपीट करते हुए अपनी ब्रेजा कार से 01 बोरी शराब निकालकर प्रार्थी के दुकान में रखकर फोटो लेकर जेल भेजने की धमकी देने लगे तथा मामले को रफा-दफा कराने के नाम पर प्रार्थी से 80 हजार रूपएं की माँग किया और कहा कि जब तक रूपएं नही दोगे, तब तक तुम्हे नहीं छोडेगें, कहकर प्रार्थी को बंधक बनाकर प्रार्थी के निवास स्थान दमानी कालोनी नयापारा जिला रायपुर लेकर गए। प्रार्थी द्वारा अपने घर से 15 हजार रूपएं नगद दिए, उसके बाद प्रार्थी को फिर से अपने गाडी में जबरदस्ती बैठाकर वापस ग्राम नारी लाकर छोडे और बाकी रकम 65 हजार रूपएं को 31 दिसंबर की सुबह 11 बजे धमतरी लेकर आना कहकर धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से एक नग ब्रेजा कार कमांक सीजी 27 एम 8403, होण्डा सिटी कार कमांक सीजी 06 जी क्यू 2003, नगदी रकम 12550 रूपएं, 05 नग मोबाईल सेट जप्त किया गया।

### बाइक ने बाइक...

निवासी 22 वर्षीय दिनेश उइके पिता मंगतूराम के खिलाफ धारा 279, 337, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### न्यू इयर पार्टी मनाने ...

जिन्हे दबिश देकर पकड़े और आरोपी राहुल यादव और टिकेश्वर यादव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध कबूल करने पर आरोपियों का मेमोरण्डम कथन लिया गया मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे के बंडा को आरोपी टिकेश्वर यादव के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### फांसी झूले युवक...

पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मेले में युवती से ...

कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ हाथ थप्पड़ से मारपीट किया, जिससे मेरी लड़की के गाल में दर्द हो रहा है। घटना की जानकारी दोनों बहनें घर में आकर दिया। पिता अपनी बेटी को लेकर थाना पहुँचे और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हिट एंड रन की अफवाह...

होती है। वर्ष 2021 की दिल्ली रोड क्रैश रिपोर्ट के अनुसार 555 मामले (कुल मामलों का 46.01 प्रतिशत) थे, जहां अपराध में शामिल वाहनों की पंजीकरण संख्या अज्ञात था, जो हिट और रन के मामले को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में बढ़ती वाहन दुर्घटना के मद्देनजर कानून की अपर्याप्तता पर टिप्पणी किया। इस मुद्दे के निराकरण को लेकर खंड 106(2) के तहत नया प्रावधान पेश किया गया है जो लंबे समय से लंबित था। धारा 106(2) को हिट एंड रन दुर्घटनाओं को कवर करने और दुर्घटना की तुरंत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए पेश किया गया है। इसे वर्ष 2019 में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में पेश किए गए शब्द 'गोल्डन ऑवर' के भीतर पीड़ित को बचाने के उद्देश्य से पेश किया गया है।

**चालक आखिर क्या करें:** किसी चालक से एक्सीडेंट हो जाता है तो वह अपने मोबाइल से डायल 112, पुलिस अधिकारी अथवा मजिस्ट्रेट को जानकारी देवें या थाने में स्वयं जाकर जानकारी दें, ताकि घायल को समय पर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा सके। इससे वाहन चालक को भी कानून राहत मिल सकेगी। यहां यह समझना आवश्यक है कि सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्ति स्वयं वाहन चालक हो सकता है, उसके परिवार के सदस्य भी हो सकतें है, इसलिए सड़क दुर्घटना की समय पर जानकारी दिया जाना अब वाहन चालक की नैतिक नहीं बल्कि कानूनी जिम्मेदारी होगी, इसलिए कानून में लाए गए इस मानवीय पहलुओं को समझते हुए इसका विरोध नहीं करना चाहिए।

# हिट एंड रन एक्ट के खिलाफ ड्राइवरों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

हिट एंड रन एक्ट के खिलाफ बकावंड तहसील के वाहन चालकों ने भी ड्राइवर यूनियन के बैनर तले बकावंड तहसील मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर आज विरोध प्रदर्शन किया।

नए मोटर यान अधिनियम के विरोध में बकावंड तहसील ड्राइवर यूनियन ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके तहत तहसील के सभी वाहन चालकों ने यहां जमा होकर आंदोलन किया। ड्राइवर यूनियन के सदस्यों ने हिट एंड रन कानून का विरोध करते हुए बकावंड तहसील के मुख्य मार्ग के चौक पर बैठकर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। वाहन चालकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ड्राइवर यूनियन के सदस्यों ने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से हमें बड़ा नुकसान होगा। यह कानून पूरी तरह गलत है। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने मिशनमोड में करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित

- विभागीय अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



हुई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नल-जल आपूर्ति एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, सभी एसडीएम एवं सभी जनपद सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पंजीयन के पूर्ण दस्तावेज जमा करने में प्रगति लाने की बात कही। इसके लिए जिले के पहुंच विहीन ग्रामों में आधार कार्ड, बैंक पासबुक बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। आकांक्षी ब्लाक उसूर में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के कार्यों में तेजी लाकर विकास काम किये जा रहे हैं। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी की मांग पर उसूर ब्लाक के ग्राम मुरदण्डा, लिंगागिरी, तर्रेम एवं एंगपल्ली के अस्पताल में बॉउंड्रीवाल या तार फेंसिग के लिए कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि अस्पताल का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करें। जिले के शासकीय संस्थाएं जैसे स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पंचायत, हॉस्पिटल एवं आंगनबाड़ी में नल-जल की पूर्ति निरंतर करने की बात कही। साथ ही कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला चिकित्सालय बीजापुर एवं ब्लाक के अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड, पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, पुरस्कार, निमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र जैसे विभिन्न कार्यों का समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए कहा।

# मनरेगा में मजदूरी भुगतान अब आधार आधारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मिनिस्ट्री आफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 जनवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार

- शंकाओं के समाधान के लिए जन मनरेगा एप बनेगी मददगार

बेस्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर करना अनिवार्य कर दिया है। यह सिस्टम आधार कार्ड से बैंक का खाता लिंक के आधार पर कार्य करेगा। श्रमिकों को जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए होगा, उस बैंक में जाकर आधार नंबर को लिंक कराना होगा। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने दी है।

मनरेगा अंतर्गत जिले में वर्तमान में 50 हजार से अधिक मजदूरों के खाते आधार लिंक है, जो कि आधार भुगतान हेतु सक्षम है। जिले में वर्तमान में तकरीबन 7 हजार मजदूर प्रतिदिवस मनरेगा अंतर्गत मजदूरी कर रहे हैं। जिनका भुगतान आधार इनिबेल्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ रवि साहू ने मनरेगा के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अधिक से अधिक मनरेगा मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक कराने के निर्देश दिए। यह सिस्टम कैसे काम करता है, इसकी जानकारी मनरेगा जाबकार्डधारी परिवारों को देने जागरूक और आवश्यक सहयोग करने को कहा।

सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि जन मनरेगा एक एप्लीकेशन है, जिसे मोबाइल में इंस्टाल किया जा सकता है। प्रायः फील्ड स्तर पर श्रमिकों को मजदूरी भुगतान की शिकायतें रहती थी। अब उन शिकायतों और शंकाओं का निराकरण इस एप्लीकेशन के माध्यम से उनके समक्ष तत्काल किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्त होने वालों को उनके सभी स्वत्वों का समय पर हो भुगतान : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को उनके सभी स्वत्वों का शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

कलेक्टर ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 26 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 26 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

# पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल ने की विधायक व प्रदेश अध्यक्ष से भेंट

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को स्थानीय विधायक एवं नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन की ओर से बधाई प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष को मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) किस तरह पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जाने के मार्ग में बाधक है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पेंशनरों के हित में इसे तत्काल विलोपित करने की मांग संभागीय अध्यक्ष आरएन ताटी के द्वारा किया गया और संगठन की ओर से ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर लंबित 4 प्रतिशत महंगाई राहत भी जुलाई 2023 की स्थिति में स्वीकृत करते हुए बकाया एरियर राशि शीघ्र



दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल के रूप में मिलने वालों में आरएन ताटी, रमापति दुबे, अब्दुल सत्तार, किशोर जाधव, एलएस नाग, हेमंत सिंह ठाकुर, राजेंद्र पाण्डे एवं एम प्रसाद राव आदि शामिल थे।

# संकल्प शिविर में शामिल हुए विधायक किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बुधवार को जगदलपुर विकासखंड के कुम्हरावंड में आयोजित शिविर में स्थानीय विधायक किरण देव भी शामिल हुए। उन्होंने विकसित

- शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा दस ग्राम पंचायतों में

भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शनिवार को जिले के दस ग्राम पंचायतों में बस्तर विकासखंड के टीकनपाल, बालेंगा और उसरी, जगदलपुर विकासखंड के कुम्हरावंड, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के मांदर, एरमुर, विकासखंड दरभा के दरभा, ककालगुर और विकासखंड



बकावंड के चापापदर, बोरीगांव में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के मांदर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कार्ड वितरण किया। संकल्प यात्रा शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए। साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू-अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया।

# बस्तर के हॉकी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर के हॉकी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। पंजाब के जालंधर में 6 से 11 जनवरी तक 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हॉकी बालक-बालिका 19 वर्ष में गौरी पटेल एवं मोहन कश्यप शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार दोनों निवासी कुड़कानार विखं बस्तर भाग ले रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ियों को हॉकी कोच एवं शिक्षक नीरज कुंजाम ने प्रशिक्षित किया है। खिलाड़ियों के चयन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी



राजेंद्र ठाकुर, मध्यान भोजन नोडल अधिकारी शैलेंद्र तिवारी, सीएसी अजम्बर कोर्राम, प्रभारी प्राचार्या सईदा खान, धीरेंद्र यादव, आशीष पांडेय, सदन राम कश्यप, जीआर.कुर्रे, दयाराम बघेल, भुनेश्वर ठाकुर, अनिल ठाकुर, किरण सेन एवं हाई स्कूल कुड़कानार के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### संदीप विवेकार



**जगदलपुर।** नगर निगम जगदलपुर के स्वच्छता उप निरीक्षक संदीप विवेकार (36) का मंगलवार को असामयिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। वे अपने पीछे पत्नी छोटी सी बच्ची तथा माता-पिता को छोड़ गए। भिलाई रिसाली निवासी स्व. विवेकार का शव भिलाई से पहुंचे परिजन बुधवार को लेकर रवाना हुए। उनके निधन से निगम कार्यालय में शोक का वातावरण रहा।

# आपकी मांग को हम सरकार तक पहुंचायेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रथम दंतेवाड़ा प्रवास पर आए जगदलपुर विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा किरण देव के

- सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



स्वागत के लिए सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ जिला इकाई के पदाधिकारियों ने न्यू सर्किट हाउस में किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं मीडिया सलाहकार सूरज सिंह ठाकुर एवं जिला संयोजक सूरज सिंह ने संघ की ओर से संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की बात रखी। जिस पर किरण देव के द्वारा संघ को आश्वस्त किया कि आपकी मांग को हम सरकार तक पहुंचायेंगे और यथाशीघ्र आपकी मांगों को पूरा करवाएंगे। किरण देव ने आगे कहा कि आप लोगों का संघर्ष हमने देखा है, पिछली सरकार को उखाड़ फेंकने में कर्मचारियों का बड़ा हाथ है। अब समय है कि जब हम सरकार में आये है तो कर्मचारियों का साथ दे और उनकी जायज मांगों को पूरा करवाये। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक जगदलपुर के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ठाकुर, जिला संयोजक सूरज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, महासचिव मनीष साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश कराटिया, संगठन सचिव राकेश साहू, बलदेव सकनी, हेम प्रकाश, संजय मरावी उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त शिक्षकों को तीन माह से वेतन नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिला कोषालय अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी से भेंट कर नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष

- जिला कोषालय अधिकारी व बीईओ को एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



उदयप्रकाश शुक्ला ने बताया कि दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूलों में कुल 56 शिक्षकों की पदस्थापना माह सितंबर में की गई थी। उक्त शिक्षकों को तीन माह बीत जाने के बाद भी वेतन अप्राप्त है। इस सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से चर्चा करने पर सीजीपीएफ नम्बर के अभाव में वेतन का भुगतान न होना बताया गया। इसके बाद संगठन द्वारा इस विषय को लेकर जिला कोषालय कार्यालय में ज्ञापन सौंपा व इस विषय पर चर्चा किया गया। सम्बंधित कार्यालय ने बताया कि सीजीपीएफ नम्बर 2 शिक्षकों का छोड़कर शेष का जनरेट किया जा रहा है। कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण लेट होना बताया गया, जिसे जल्द सुधार कर वेतन भुगतान की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष खोमेंद्र देवांगन की अगुवाई में इस विषय पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी चर्चा की गई। वर्तमान में रनिंग माह दिसम्बर का वेतन भुगतान किया जाएगा, उसके पश्चात माह अक्टूबर व नवम्बर का वेतन सप्लीमेंट्री बिल में भेजा जाएगा। अन्य ब्लॉकों में आ रही समस्याओं पर भी संगठन जल्द अधिकारियों से चर्चा कर उन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेगा। इस अवसर पर जीआर नाग, पोरस बिंझेकर, राजेन्द्र यादव, अजय सिदार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के साथ पालकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सफल नेतृत्व में विकासखंड भैरमगढ़, बीजापुर, उसूर, भोपालपटनम में पुनः संचालित शालाओं में पहली बार शीतकालीन समय में प्राथमिक स्तर के बच्चों के साथ 26 से 29 दिसंबर 2023 तक कुल चार दिवसीय शीतकालीन शिविर (इरगुम पंडुम) का आयोजन किया गया। इरगुम पंडुम में बच्चों के साथ पालकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेल एवं विभिन्न गतिविधि के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना एवं नियमित रखना था। शाला में बच्चों को ही नही बल्कि समुदाय के लोगों को जैसे शाला प्रबंधन समिति, पालकों को भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। ताकि समुदाय के लोगों का स्कूल के प्रति एक संबंध स्थापित हो। इसी प्रयास में जिला प्रशासन द्वारा पुनः संचालित शालाओं में पालकों एवं समुदाय को सक्रिय करके शाला से जोड़ने के उद्देश्य से विंटर कैंप का आयोजन किया गया। इस विंटर कैंप में



जिले के कुल 51 स्कूलों में इरगुम पंडुम का आयोजन किया गया। विंटर कैंप का आयोजन शिक्षादूत एवं फील्ड कोऑर्डिनेटर, प्रोग्राम लीडर, डिस्ट्रिक्ट लीड के निगरानी में संचालित किया गया। इस अनूठे विंटर कैंप में बच्चों ने मजेदार गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के पहले दिन में मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, रुमाल चोर, नमक चोर, रस्सी खींच एवं दूसरे दिन खो-खो, कबड्डी, मिट्टी के खिलौने, पत्तों से काल्पनिक जानवर, छिंद के पत्तों से गुलदस्ता, तीसरे दिन आरेगेमी आर्ट, सामूहिक चित्रण एवं प्रस्तुतिकरण आदि कराया गया। साथ ही चौथे दिन में स्कूल स्तर पर प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें पालकों एवं एसएमसी सदस्यों ने बच्चों के द्वारा किये गये अभिनव कार्यों को देखा और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

खेल एवं गतिविधी में प्रथम आये बच्चों एवं पालकों को चॉकलेट बांटा गया और सम्मानित किया गया। यह कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नैतिक, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास से बच्चों के विकास को प्रोत्साहित करता है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### हाई टेंशन लाइन से प्रभावित किसान 8 को करेंगे प्रदर्शन

**भानुप्रतापपुर।** विद्युत विभाग द्वारा पुतरवाही से दमकसा कच्चे तक 132 केवी हाई टेंशन लाइन कनेक्शन ले जाया जा रहा है जिसमें लगभग 11 गांव के किसानों का जमीन प्रभवित हो रहा है। जिसके उचित मुवाज़ा नौकरी की मांग को लेकर 8 जनवरी को गोंडवाना भवन से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली जायेगी जिसके लिए बुधवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा कर सूचना दिया गया। इस दौरान मुख्य रुप से तिलक दर्रो, संतोष कुमार, शैलेंद्र पुनिया, गजानंद, सदाराम, विश्राम, हीराराम गावड़े, नेहरू राम, धरम लाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवती ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम बयानार निवासी 22 वर्षीय अंजली नेताम पति दीपक नेताम ने 2 जनवरी को शाम 4 बजें खेत की ओर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने खेत की ओर कुसुम पेड़ में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नपं अध्यक्ष ने सहयोग राशि का चेक किया प्रदान



**चारामा।** श्रद्धांजलि योजना के तहत चारामा नगर के वार्ड क्रमांक 10 जबरनपारा निवासी सीमा चंद्राकर को उसके पुत्र स्व. भोजराज और धनेश्वरी सोनकर को उसके पति स्व. सूर्य किरण की मृत्यु उपरांत 2000- 2000 रुपएं का सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, सीएमओ ओम प्रकाश शर्मा , पूर्व पार्षद मोहित नायक उपस्थित रहे।

### शिक्षक ही पीढ़ियों का करते हैं मार्गदर्शन



**चारामा।** छत्तीसगढ सहायक शिक्षक समग्र ,शिक्षक फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन नववर्ष 2024 की वार्षिक कैलेंडर नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन के द्वारा विमोचन करते हुए कहा कि शिक्षक ही पीढ़ी की नींव रखती है। आज जो भी अच्छे मुकाम पर हैं, उसमें गुरु का ही योगदान है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि शिक्षकों की हर समस्या का समाधान शासन स्तर पर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजू साहू, पार्षद उषा शर्मा पार्षद, धर्मेंद्र कुंजाम, जिला अध्यक्ष उत्तम सिन्हा,उत्तम बघेल, संजय शोरी, महेश्वर कोटपरिहा तथा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# डांस प्रतियोगिता में एक, युगल और समूह नृत्य का शानदार प्रदर्शन

## विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/कांकेर

ग्राम डुवा में डीजे डांस करते हुए गीत का आयोजन किया गया।इसमें गांव के आस- पास के गांव के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इस स्पर्धा में सामूहिक नृत्य में कुल 15 टीम ने भाग लिया व युगल नृत्य में 14 टीम ने भाग लिया व एकल नृत्य में 25 टीम ने भाग लिया।



सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कारः-हमर फूल बगिया डांस परिवार ग्राम-छिंदगांव (5001 रुपए),द्वितीय पुरस्कार :-जय मां शीतला डांस परिवार ग्राम- भैंसाकनहर(2500 रुपए),तृतीय पुरस्कारः-बस्तरिया डांस परिवार ग्राम- डुवा(1501रूपए),युगल नृत्य प्रथम पुरस्कारः-आजा आजा मैंना सीजी रीमिक्स सैलेंद्री नरेटी एवं तामेश्वर गावडे(2001 रुपए)ग्राम- घोडदा,द्वितीय पुरस्कारः-कर्मा कुहकी गाबो शालू एवं संध्या गावड़े ग्राम-जामड़ी(1501रुपए),तृतीय पुरस्कारः-जनम जनम के हमर साथ सोहन एवं गोपी ग्राम-जाड़ेखुर्स(1001 रूपए),एकल नृत्य प्रथम पुरस्कार :-गाना-गुलमोहर,लक्की जैन ग्राम- कलंगपुरी(1501 रूपए),द्वितीय पुरस्कारः-मोला माया लगे आकांक्षा ग्राम-करमोती(1001रूपए),तृतीय पुरस्कारः-कु.अंजू कोमरा ग्राम- मेड़ों (501 रूपए)रहे।

इस रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में जज के रुप में लालचंद दुग्गा, चंपालाल ताम्रकार, सुरेश दुग्गा, कुमारराम दुग्गा, रामप्रसाद दुग्गा, संतोष दुग्गा,की उपस्थित में हुआ।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शोप सिंह आंचला(अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल), सुन्ना राम तेता(जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर), देवेंद्र टेकाम (जनपद सदस्य दुर्गुकोंदल)एवं गायता मानूराम बोगा, मेहर राम दुग्गा ,चरण सिंह दुग्गा (उपसरपंच तरहुल), सोमदेव कोरेटी, दिनेश कुमार दुग्गा, नंदलाल दुग्गा,लिकेश बोगा, अशोक उईके, पतिराम दुग्गा, विनोद हिडको, बालसिंह बोगा,एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**निर्णय :** बैठक में प्रभावित 37 गांव के ग्रामीण हुए शामिल, इस सम्बंध में 7 को फिर होगी बैठक

# एक साल से बकाया मजदूरी का भगतान बीस दिनों में किया जाएगा : वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही वन विभाग के अधिकारी पहुँचे प्रभावित गांव, दण्डकवन में हुई बैठक में दिया आश्वासन

ग्राम बेहासालेमाट भैंसगांव एवं फूलपाड और अन्य गांव में वन विभाग द्वारा मजदूरों से विभिन्न कार्य कराया गया है। करवायें गए काम का लगभग एक साल बाद भी मजदूरी राशि नही दिया गया है। इस की शिकायत ग्रामीण मजदूरों ने वन विभाग में किया है। इसके बाद भी उन्हें मजदूरी राशि के लिए गोल गोल घुमाया जा रहा है। समस्या को ग्रामीणों द्वारा पत्रकरों को बताया गया जिस पर 3 जनवरी को दैनिक हरिभूमि में उनकी मांगों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिसके बाद प्रशासन की ओर से अधिकारी मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों ने बताया 3 जनवरी को रावघाट के दण्डकवन में बैठक आयोजित किया गया।




बैठक में 37 प्रभावित गांव के ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने बताया प्रशासन की ओर से एसडीएम विश्वास कुमार चुरेंद्र,एसडीओपी अमर सरदार,बीएसपी की ओर से सचिन रंगारी और गुप्ता तथा वन विभाग की ओर से रेंजर सालिक यादव एवं ग्रामीण प्यारे उसेंडी,आत्मा राम दुग्गा,विक्रम दुग्गा,सोमनाथ कुमेटी,जनपद सदस्य दंतेश्वरी वट्टी,सरपंच तेज सिंह,आयनु राम सलाम गायता भैसगांव,चेन सिंह नुरेटी गायता सरगीपाल,मोहन नुरेटी गायता फुलपाड,मानसू उसेंडी गायता बेयहासाल्हेभाट, बैसाखू नुरेटी गायता छोटे जैतपूरी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि मजदूरों और वन विभाग के बीच सहमति बनी जिसमें वन विभाग के उच्च अधिकारी रेंजर ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि जांच कर 20 दिनों के अंदर मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। इस सम्बंध में 7 जनवरी को एक और बैठक होगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि वन कटाई के सम्बंध में भी चर्चा किया गया जिसमें रावघाट परियोजना हमारे क्षेत्र का देव स्थत है और परगन व्यवस्था के साथ ग्राम भैसगांव आतुरबेडा, बैहासालेभाट एवं फूलपाड़ का मांजी, पटेल, गायता एवं ग्रामवासियों को राज्य शासन द्वारा वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया है। जिससे क्षेत्र के हम आदिवासियों का जीवकोर्पाजन होता है। परन्तु वन संसाधन अधिकार पत्र की प्राप्त होने के बाद भी हम क्षेत्र के ग्रामीणों से बगैर सहमति के परियोजना में पेड़ कटाई एवं खनन का कार्य भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा करवाने की कोशिश किया जा रहा है। इसका बैठक में विरोध किया गया और कहा गया है कि हमारे बिना अनुमति बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के बिना कटाई कार्य नही होने देंगे।

### वन विभाग के लापरवाही विभिन्न कार्यों की गति धीमी

ग्रामीण चैन सिंह नुरेटि,सलाम एवं आत्मा राम ने बताया वन विभाग द्वारा डेवलपमेंट के लिए इस क्षेत्र में अनेको कार्य कराया जा रहा है। जिसमें कई कार्य आधे अधूरे पड़े हैं कई कार्य रुका हुआ है अभी तक चालू नही हो पाया साथ ही कई कार्य मे गुणवत्ता की कमी है जिसके चलते इस क्षेत्र के ग्रामीण नाराज हैं। उन्होंने तत्काल इस पर वन विभाग को गम्भीरता से लेकर सुचारू रूप से काम चालू करने की बात रखी। आपको बता दें कि भानुप्रतापपुर के पूर्व वन मंडल अंतर्गत आने विभिन्न ग्रामों में वन विभाग ने मजदूरों से मजदूरी कार्य कराया है लेकिन उनकी मजदूरी का भुगतान एक वर्ष बाद भी नही दिया।ग्रामीणों मजदूरों के अनुसार उनकी मजदूरी का भुगतान लगभग 9 लाख रुपये है। ग्रामीण मजदूर शिकायत इसकी भानुप्रतापपुर वन विभाग कार्यलय में कर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए पेड़ काटा जा रहा है। इसके लिए वन संसाधन समिति से अनुमति भी नही लिया गया है।

### रावघाट क्षेत्र वासियों की विशेष मांग

ग्रामीणों ने कहा हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि विधानसभा क्षेत्र मुख्य क्षेत्रीय मुद्दा,रावघाट माइन्स में ग्राम सभा की पहली प्राथमिकता, रावघाट माइन्स में निजीकरण नहीं होना चाहिए,भिलाई स्टील प्लांट इप्लाई बनाया जाय, स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरी एवं बी. एस. पी एमालार,पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाए' एवं पेड' की कटाई पर उतना ही पेड उसी क्षेत्र' में लगाया जाय, इस माइन्स की रायल्टी समिति को दिया जाय,रावघाट माइन्स' के अन्तर्गत इस क्षेत्र के बेरोजगारी को पहले प्राथमिकता दिया' जाय, हमारे क्षेत्र में स्वस्थाय, शिक्षा, बिजली, पानी, रोड' की व्यवस्था की जाय, रावबाट माइन्स यहाँ के समिति के नियान्त्रण में रहें, रावघाट क्षेत्र के सभी वन ग्रागों को राजस्व बनाया जाए,रावघाट' माइन्स खुलने से पहले इस' क्षेत्र के कृषि एवं गांवों को सुरक्षित' की जाय।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की ठोकर आसुलखार के बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम शाहकट्टा तालाब के पास 15 दिसंबर को ट्रैक्टर चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आमापारा आसुलखार निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मीनाथ जाड़े पिता स्व. कदरूराम जाड़े की मौत होने पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतक का मौत रोड एक्सीडेंट एवं गंभीर चोट लगने से हुआ है। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना स्थल के पास चश्मदीद गवाह के बयान के आधार पर जानकारी हुआ कि 15 दिसंबर को दोपहर 1 बजें ग्राम शाहकट्टा तालाब के पास मेन रोड में ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 बीआर 7596 उसमें लगे ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक सीजी 05 जी 2922 के चालक कांकेर थाना क्षेत्र के बरदेभाठा निवासी 27 वर्षीय थमश्री वैध पिता वासुदेव वैध ने ट्रेक्टर एवं ट्राली को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लक्ष्मीनाथ जाड़े को एक्सीडेंट करने व गंभीर चोट लगने से मृत्यु हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी, 183 (1), 183 (2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मेले के लिए शांति समिति की बैठक कल

**कांकेर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांकेर मेला 07 एवं 12 जनवरी को गोविंदपुर का वार्षिक मेला का आयोजित होना निर्धारित है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कानून, शांति-सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 05 जनवरी को 01 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्धारित है।

# विकसित भारत अभियान पर की गई विचार गोष्ठी



**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में विकसित भारत अभियान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पखांजूर डॉ. एके ठाकुर व प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया गया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान विकसित भारत 2047 के लिए पूरे भारत वर्ष में संचालित तकनीकी विश्वविद्यालयों के अंतर्गत महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के विचार साझा करने भारत सरकार के द्वारा सुझाव मांगा गया है के संबंध में अवगत कराया। डॉ. एके ठाकुर ने विकसित भारत के लिए शिक्षा सामाजिक, आर्थिक पहलुओं के साथ तकनीकी को लाने जो प्रायोगिक रूप से हर नागरिकों के द्वारा अमल में हो के संबंध अवगत कराया। सह प्राध्यापक डॉ. पीएस मरकाम ने कृषि क्षेत्र में उत्पादन के साथ बाजार व्यवस्था एवं मांग आधार में कृषि प्रणाली को जोर देने को कहा। सह प्राध्यापक डॉ. जीवन लाल सलाम ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के विचार को संकलित कर कार्य योजना बनाने की बात कहीं। सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम ने कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र से चाहे छात्र हो, अधिकारी हो, सामाजिक कार्यकर्ता हो, चाहे जनप्रतिनिधी हो संबंधित विचार जैसे कृषि प्रणाली, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन से संबंधित जो कृषक हित में हो पर विचार किया जाए। गंगाधर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में यांत्रिकीकरण का इस्तेमाल कर देश विकास में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में अध्ययनरत छात्रा आर्या चौहान, प्रांजल सेठिया एवं सूर्यकांत ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

# एनसीसी के छात्रों में आत्मविश्वास व अनुशासन का दिखता है प्रभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कैंप से लौटे पर एनसीसी कैडेट्स का विद्यालय में स्वागत

नरहरदेव स्कूल में दस दिवसीय कैंप 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र एनसीसी कंपनी के सीटीसीए समापन समारोह के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स का जवाहर नवोदय विद्यालय में का स्वागत किया गया। स्कूल पहुंचने के बाद एएनओ कमल सिंह ने प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में स्कूल के बच्चों को और कैडेट्स को कैंप के दौरान जो भी गतिविधियां करवाई गई उन गतिविधियों के बारे में विस्तार से सभी के सामने प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्राचार्य जयंती पी गोपाल ने बच्चों को प्रशिक्षण से मिलने वाले आत्मविश्वास एवं एनसीसी की भूमिका के बारे में बताया और बच्चों का आत्मरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के सुरक्षा बल में एनसीसी के प्रमाण पत्र से अतिरिक्त फायदा मिलता है, एनसीसी की एक अहम भूमिका रहती है। एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण उनके जीवन के लिए उपयोगी साबित होगा। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में कामयाब होने के लिए एनसीसी के बारे में और आर्मी भर्ती होने के लिए एनसीसी का क्या महत्व है के बारे में विस्तार से बताया गया।

एनसीसी कैडेट्स क्षमा साहू ने 10 दिवसीय कैंप के दौरान हुई गतिविधियों को बहुत ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया। सिद्धार्थ भट्टी, दीपेंद्र पाल ने खो-खो खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, परिधि साहू ने शिव तांडव सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मास्टर अमर सरकार के द्वारा कार्यक्रम में तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया साथ ही प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स ने जाना कि ड्रिल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस अवसर पर उप प्राचार्य विवेक कुमार शुक्ला, सूरजमल बैरवा, विकास राणा, जहांगीर शेख सिकंदर, विनोद कुमार आदि के द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ट शिक्षिका संगीता राम और सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### समीक्षा बैठक 8 को

**दंतेवाड़ा।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 8 जनवरी को समय दोपहर 3 बजे से जिला कार्यालय के शंकनी सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

**वाल्मीकि कालेज के वार्षिकोत्सव में गोल्ड मेडल एवं मेरिट सूची पर स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया**

# सपनों को साकार करने का मूल मंत्र है अनुशासन और उचित प्रयास : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के प्रेक्षागृह में 2 जनवरी को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सावित्री मनोज मण्डावी, विधायक भानुप्रतापपुर एवं विशेष अतिथि सुनील बबला पाढ़ी, अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर और चेतन मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत कराठी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का कॉलेज के छात्रों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती के छायाचित्र के सामने पूजार्चना कर की गई। इसके बाद महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो द्वारा सत्र 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय उध्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी उतनी ही लगन से करनी चाहिए। साथ ही



उन्होंने कॉलेज के उपलब्धियों को विस्तार से बताई। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी से ऊंचे सपने देखने और सक्रिय रहने और उन सपनों को साकार करने के लिए प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि खेल में आत्म-अनुशासन महत्वपूर्ण है। आप खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं यह भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं के कार्य सिद्ध करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विशेष अतिथि सुनील बबला पाढ़ी, चेतन मरकाम, ब्रिरेंद्र सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, वाणिज्य विभागाध्यक्ष कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी,आईक्यूएसी समन्वयक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, रेडक्रॉस एवं क्रीड़ा प्रभारी सुषमा चालकी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक नंदिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, योगेश्वरी कोसमा, निशा तिवारी, दिव्या जैन, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, श्रीदाम ढाली, डीके बांधे, रमाकांत रजक, ईश्वर सिन्हा, टुपेश कोसमा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक योगेश यादव, हेमंत वर्मा, नीलिमा सलाम ने किया। गोल्ड मेडल एवं मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को विधायक ने किया सम्मानित शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के सत्र 2021-22 में एमए राजनीति विज्ञान के महेन्द्र सिन्हा एवं देवनाथ दरपट्टी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वही सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षा में कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। जिसमे एमए राजनीति विज्ञान के छात्र रैनसिंह कांगे ने 75.64 प्रतिशत अंको के साथ मेरिट में द्वितीय स्थान, देवंतीन राणा ने पंचम स्थान, आशा नेताम नौवा स्थान एवं माधुरी धनेलिया ने दसवा स्थान प्राप्त किया। वहीं एमए अर्थशास्त्र में प्रिति विश्वास ने दसवा स्थान प्राप्त किया। और एमएससी में विकास कुमार साहु ने 83.41 प्रतिशत अंको के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### स्टेट, नेशनल लेवल में चयनित खिलाड़ियों का सम्मान

इस अवसर पर कॉलेज के 6 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर पर चयन होने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कबड्डी में बालक वर्ग में दुर्गा प्रसाद, राजेश वड्डे, प्रवीण कोसमा एवं बालिका वर्ग में सत्यवती का चयन हुआ है। वही वॉलीबाल में बालिका वर्ग में अमिला पुरामे एवं शतरंज में अमन कुमार रजक का चयन हुआ है। राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में बालक वर्ग में अजय कृष्ण गोटा एवं बालिका वर्ग में दिपीका नुरेटी का चयन हुआ। नैक मूल्यांकन में निस्वार्थ सेवा एवं अहम योगदान करने वाले स्वयंसेवको को सम्मानित किया गया भानुप्रतापपुर महाविद्यालय ने नैक मूल्यांकन में बी ग्रेड हासिल किया, जिसमें अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रैनसिंग, राजकुमार, अमृत, देवंतीन, अवनी, तनवीर, अंजू, चंदना, अजय, राहुल, सामंत, गौरव, आकाश, कनिष्का, मोनिका, नम्रता, खिलेश्वरी, दीपिका आदि को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की मांग पर कब्बड्डी मेट देने की विधायक ने की घोषणा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि के सामने मांग पत्र प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने तत्काल घोषणा करते हुए कबड्डी मेट और एनएसएस के समियाना सेट देने की घोषणा की। साथ ही नवीन भवन एवं डिजिटल लायब्रेरी मांग को आगामी बजट में रखने की बात कहीं।

